तापमान
अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 7 .1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 फरवरी 2025

11 बरोदा में भट्ठा मजदूरों में वितरित किए वस्त्र

12 खेल समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा


**खबर संक्षेप**

### कंपनी से निकला श्रमिक संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में झुंडपुर कंपनी से निकले श्रमिक के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। मांचा भोगली कानपुर देहात यूपी निवासी अभिषेक फूड कंपनी में नौकरी करता है। वह गत 12 फरवरी को करीब आठ बजे कंपनी से किसी को बिना बताए कहीं चला गया। सीसीटीवी की जांच की तो वह अकेले ही जाता दिखाई दे रहा था। जांच अधिकारी एचसी अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। श्रमिक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है।

### दुकान के बाहर युवक का शव मिलने से हड़कंप

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के गोहाना रोड पर दुकान के बाहर संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी बिजेंद्र ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली कि गोहाना बाईपास पर स्थित फास्ट फूड की दुकान के बाहर संदिग्ध हालत में युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी आयु करीब 30 वर्ष है। शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। शव की शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी।

### दहिया कॉलोनी व गढ़ी घसीटा के घरों में चोरी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र की दहिया कॉलोनी व गढ़ी घसीटा स्थित मकानों से चोरों ने हजारों रुपये की राशि व सोने-चांदी के जेवरातों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गढ़ी घसीटा निवासी पूनम ने बताया कि वह पटेल नगर में अपनी ननद के घर चले गए थे। उसके देवर ने फोन कर बताया कि उनके घर की छत पर लगी खिड़की उखड़ी हुई है। चोरी का अंदेशा है। उन्होंने वापस आकर देखा तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो ढाई तोले का सोने का मंगलसूत्र, पांच अंगूठी, एक तोले सोने की चेन, दो जोडी टॉप्स, दो जोड़ी चुटकी, एक पायजेब और 50 हजार रुपये गायब मिले। वहीं, चोरों ने दहिया कालोनी की गली-5 में घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है।

## मेयर उपचुनाव : नामांकन का आज अंतिम दिन

### अब तक केवल तीन उम्मीदवारों ने पर्चा भरा, मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच

# भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम के मेयर पद के लिये उपचुनाव के रण में अपना नाम दाखिल करने के लिये सोमवार को आखिरी दिन है। अभी तक इस रण में हिस्सा लेने के लिये सिर्फ तीन सुरमाओं ने ही आधिकारिक दाखिला लिया है। भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी सोमवार को गाजे-बाजे के साथ अपने अपने नामांकन करने के लिये पहुंचेंगें। मुख्य मुकाबला भी भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होना तय है। ऐसे में सोमवार को उपचुनाव की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी। इसके अलावा खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन और पार्षदों के चुनावों के लिये भी नामांकन का अंतिम दिन है।

#### तीन माह से मेयर का पद खाली

बता दें कि सोनीपत में नगर निगम मेयर का पद पिछले तीन माह से खाली है। वहीं खरखौदा नगर पालिका में करीब डेढ़ साल से शहर की सरकार के बिना ही काम चल रहा है। खास बात ये है कि इस बार खरखौदा में चेयरमैन का चयन भी सीधे मतदाता ही करेंगें। इन चुनावों में सोनीपत और खरखौदा के 3 लाख से अधिक मतदाता अपनी मतों का प्रयोग करेंगें।

#### हवन कर करेंगे नामांकन

सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान और भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन अपना नामांकन दाखिल करेंगे। लेकिन उससे पहले दोनों ही हवन करेंगे। इसके उपरांत शक्ति प्रदर्शन करते हुए समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में नामांकन करने पहुंचेंगें। कमल दिवान का हवन कार्यक्रम आईटीआई चौक स्थित छाबड़ा फार्म हाउस पर रखा गया है। वहीं राजीव जैन का हवन कार्यक्रम पुरखास चौक के पास स्थित उनके कार्यालय में होगा।




#### 3 लाख से अधिक मतदाता चुनेंगे अपने प्रतिनिधि

सोनीपत नगर निगम और खरखौदा नगर पालिका के चुनावों में 3 लाख से अधिक मतदाता हिस्सा लेंगे। इसमें से 2 लाख 94 हजार 362 मतदाता सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत तो 20 हजार 149 मतदाता खरखौदा के चुनावों में अपने मतों का प्रयोग करेंगे। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के कुल मतदाताओं में 1 लाख 53 हजार 320 पुरुष, 1 लाख 41 हजार 035 महिला व सात मंगलामुखी मतदाता वोट डालेंगे। वहीं खरखौदा नगर पालिका क्षेत्र में 10,644 पुरुष और 9,502 महिला व तीन मंगलामुखी मतदाता कुल मतदाताओं में शामिल है। सोनीपत नगर निगम के कुल मतदाताओं में 47 हजार 479 मतदाता पहली बार नये मेयर को वोट डालेंगे। सोनीपत नगर निगम के चुनावों के लिये निगम क्षेत्र में 268 मतदान केंद्र, जबकि खरखौदा क्षेत्र में चुनावों के लिये 23 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

#### चेयरमैन पद के पांच दावेदार आज कर सकते हैं नामांकन

**खरखौदा।** नगर पालिका चुनाव में सोमवार नामांकन का आखिरी दिन है। खरखौदा चेयरमैन पद के लिए अभी तक केवल एक नामांकन मैक्सिन ठेकेदार ने किया है और उनके कवरिंग के रूप में नगर पालिका की पूर्व चेयरपर्सन एवं उनकी धर्मपत्नी रिंपल देवी ने नामांकन किया है। भाजपा पार्टी ने हीरालाल इंदौरा को टिकट दिया है। वह सोमवार को नामांकन करेंगे। उनके अलावा बाकी उम्मीदवार आजाद प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। खरखौदा चेयरमैन पद का चुनाव सीधे तौर पर मतदाताओं द्वारा किया जाना है। यही कारण है कि भाजपा ने पार्टी निशान पर चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। जबकि किसी अन्य पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। सोमवार को नामांकन करने वाले संभावितों में ममता मेहरा, किरण व कवरिंग के रूप में उनके पति रिंकेश, डॉ सोमवीर राठी सहित कई उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

#### कल होगी नामांकन पत्रों की जांच

17 फरवरी तक नामांकन भरने का दिन रखा गया है। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई है। उसी दिन चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे और मतदान केंद्रों की सूची भी प्रकाशित की जाएगी। मतदान 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान 4 मार्च को संपन्न कराया जाएगा। मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से आरंभ होगी और मतगणना पूर्ण होते ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

#### सोनीपत को 2015 में मिला था नगर निगम का दर्ज, पहली बार 2020 में हुए थे चुनाव

सोनीपत को नगर निगम का दर्जा 2015 में दिया गया था। इसके बाद पांच सालों के इंतजार के बाद पहली बार 2020 में चुनाव हुए थे। उन चुनावों में कांग्रेस की टिकट से मैदान में उतरे निखिल मदान मेयर बने थे, जोकि पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों से भाजपा की टिकट पर सोनीपत शहर से विधायक बन गए थे। जिसके बाद से सोनीपत नगर निगम में मेयर पद खाली है। इस उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाला प्रत्याशी करीब नौ माह के लिए नए मेयर चुने जाएंगे। दूसरी ओर खरखौदा नगरपालिका का कार्यकाल मई 2023 में समाप्त हो गया था। उसके बाद से एसडीएम प्रशासक के तौर पर कार्यभार संभाल रहे हैं। नपा क्षेत्र में 16 वार्ड बनाए गए हैं। खरखौदा में पहली बार नपा अध्यक्ष प्रत्यक्ष तौर पर चुना जाएगा। नपा में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

## आज अदालत में पेश होंगे आप सुप्रीमो केजरीवाल

### यमुना वाले बयान पर होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के यमुना में जहर वाले बयान पर दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई होनी है। नेहा गोयल की कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट में उपस्थित होने के आदेश दिए थे। इसको लेकर कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रहेगी। उनके खिलाफ जल सेवा प्रभाग के कार्यकारी अभियंता सोनीपत जिला अदालत में केजरीवाल के खिलाफ आपदा प्रबंधन की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दी है।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 29 जनवरी को सोनीपत की सीजेएम की अदालत में केजरीवाल के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 2 (डी ) और 54 के तहत केस दायर किया था। अदालत ने राज्य सरकार की याचिका स्वीकार कर केजरीवाल को नोटिस भेज उन्हें 17 फरवरी को तलब कर किया था। सीजेएम सोनीपत की अदालत ने यह भी कहा है कि यदि केजरीवाल 17 फरवरी को उपस्थित नहीं होते हैं तो यह माना जाएगा कि उन्हें मामले में कुछ नहीं कहना और आगे की कार्यवाही कानून के अनुसार की जाएगी।

#### कार्यकारी अभियंता ने अदालत में केस दायर किया

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से राई जल सेवा प्रभाग के कार्यकारी अभियंता आशीष कौशिक ने सोनीपत के अदालत में केस दायर किया था। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया, 28 जनवरी को यमुना नदी से सटे आसपास के गांवों के लोगों की एक भीड़ सिंचाई विभाग के परिसर में एकत्र हुई और पूछताछ करने लगी कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी में जहर क्यों डाला है। इस जहर से कई लोगों और जानवरों की मौत हो सकती है। जब लोगों से पूछा गया कि उनकी जानकारी का स्रोत क्या है। इस पर कुछ लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो क्लिप दिखाई, जिसमें अरविंद केजरीवाल यह बयान देते नजर आ रहे थे कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी के पानी में जहर मिला दिया है। जिसके बाद उनकी तरफ से केस दायर किया गया था।

### ओमेक्स सिटी के पास से स्कूटी चोरी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी के पास सड़क पर खड़ा दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। गांव बड़ी के रहने वाले जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से ओमेक्स सिटी के पास गए थे। वहां उन्होंने सड़क किनारे अपनी स्कूटी खड़ी कर दी। बाद में जब वापस आए तो स्कूटी वहां नहीं मिली। स्कूटी को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी। जल्द ही चोर का पता लगाकर स्कूटी बरामद कर ली जाएगी।

## 815 ग्राम अफीम के साथ कासंडी का युवक गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने गांव कासंडी के हरबीर को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। इससे पौने तीन लाख रुपये की कीमत की 815 ग्राम अफीम बरामद की गई। जब पुलिस ने उसे पकड़ा और तलाशी लेने के लिए राजपत्रित अधिकारियों को संपर्क किया तो फोन ही नहीं उठाए गए। पुलिसकर्मियों ने चार अधिकारियों के पास फोन किए लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद सहायक पुलिस आयुक्त पहुंचे और पुलिस ने कार्रवाई की।

क्राइम इंवेस्टिगेशन एजेंसी से एएसआई विजेश्वर पुलिस टीम के साथ गांव खानपुर कलां के निकट गश्त कर रहे थे। सूचना मिली की गांव कासंडी का हरबीर अफीम लिए हुए है और पैदल गांव सरगथल से गांव कासंडी की तरफ आ रहा है। पुलिस की टीम कासंडी-सरगथल रोड पर पहुंची तो युवक आता नजर आया, जिसके हाथ में थैली थी। पुलिस ने उसे काबू करके पूछताछ की। तब युवक की पहचान गांव कासंडी के हरबीर के रूप में हुई। इसके बाद राजपत्रित अधिकारी की निगरानी में तलाशी लेने की तैयारी की गई। इसके लिए एएसआई ने मोबाइल से कई राजपत्रित अधिकारियों के पास किया लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। एएसआई ने उसके बाद उपायुक्त कार्यालय में संपर्क करके अवगत करवाया, जिस पर कहा गया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद संपर्क करने पर सहायक पुलिस आयुक्त ऋषिकांत मौके पर पहुंचे। तब पुलिस ने खुद तलाशी ली तो हरबीर के पास 815 ग्राम अफीम मिला, जिसकी बाजार में कीमत लगभग पौने तीन लाख रुपये है।

### हादसा स्थल से गाड़ी चोरी, केस

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 के सर्विस रोड पर हादसे में क्षतिग्रस्त गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। गली नंबर-17 संगम विहार निवासी विनोद गिरी ने बताया कि उसका गत दो फरवरी को जीटी रोड पर नीलकंठ ढाबे के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गाड़ी को क्रेन की मदद से हादसा स्थल से सर्विस रोड पर खड़ा करवा दिया था। गाड़ी चलने की हालत में नहीं थी। गाड़ी में सवार सुनील, ईशा चौधरी जो इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उनका उपचार करवाया। उसके बाद हादसा स्थल पर गाड़ी लेने के लिए पहुंचे, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। जब क्रेन वाले से बातचीत की तो उसने बताया कि स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार तीन लड़के मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने गाड़ी जटवाड़ा छोड़ने की बात कही। उन्होंने अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश करते रहे।

## स्पेशल अभियान में यातायात पुलिस ने 55 वाहन चालकों के काटे चालान

### पांच बुलेट चालकों से 91500 रुपये जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

यातायात पुलिस सोनीपत का सड़क सुरक्षा स्पेशल अभियान लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू भारी वाहनों को लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) में चलने के नियमों की उंल्लघना करने पर पुलिस कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए 55 वाहनों के चालान के चालान काटे। वहीं बुलेट पटाका छोड़ने वाली पांच बाइकों के चालान करके 91 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस विभाग की तरफ से भारी वाहन चालकों को गाड़ी बाई लाइन में चलाने हेतु जागरूक करने का काम किया जा रहा है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व शहर में बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस विभाग की तरफ से जिले में यातायात कर्मचारियों की तरफ से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लापरवाही करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए है। वहीं बुलेट पटाका के पांच चालान कर तकरीबन 91 हजार 500 रूपये का जुर्माना किया।



### पांच हजार का इनामी बदमाश मंजीत गिरफ्तार



**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने रात को सड़कों पर चलाएं स्पेशल अभियान के दौरान पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत निवासी असंध करनाल हाल में किसान कॉलोनी गोहाना को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादयान ने बताया कि पुलिस विभाग की तरफ से नाइट डोमिनेशन रात्रि चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें शहर के होटल, धर्मशालाएं, सार्वजनिक स्थान व आने-जाने वाले वाहन चालकों की चेकिंग की गई।



*तब तक लड़ना मत छोड़ो जब तक अपनी तय की हुई जगह पर ना पहुँच जाओ- यही, अद्वितीय हो तुम। ज़िन्दिगी में एक लक्ष्य रखो, लगातार ज्ञान प्राप्त करो, कड़ी मेहनत करो, और महान जीवन को प्राप्त करने के लिए दृढ़ रहो।* **- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**



*पिता ने कहा- 'हमारी कोई बेटी नहीं। पैदा तो हुई थी पर जवानी की दहलीज पर पैर रखा ही था कि मौत हो गई।' लोगों ने कहा- 'ऐसा क्यों बोल रहे हो?' आहत पिता बोले- 'अनुभव है। विगत के झूठे इतिहास को सच मानकर जीने वाले, अपनी संस्कृति से मुँह मोड़ने वाले ये लोग, अब हमारे नहीं रहे। उनसे नाता जोड़ लेना सही नहीं है।'*





कहानी

सुरेश वशिष्ठ

## मिताली का मौन

*ससुराल के नये घर में मिताली का खूब आदर सत्कार हुआ। रस्में पूरी हुई तो रात सुहानी का इंतजार होने लगा। दुलहन की पोशाक में सजी, सेज पर वह पति का इंतजार कर रही थी। रात बीती जा रही थी और पति जाने कहाँ गायब था? आधी रात, ननद से मिताली को पता चला कि उसका पति तो अपने दोस्तों के साथ किसी हिल स्टेशन पर घूमने चला गया है।*

मिताली बहुत खुश थी। हिमाचल की हसीन वादियों में जन्मी, पली, पढ़ी और अब साइबर सिटी-गुरुग्राम में एक अच्छी एमएनसी कंपनी में नौकरी पर ज्वाइन करने जा रही थी। इसी से वह बहुत खुश दिखाई दे रही थी।

वह विचार करने लगी- 'कैसा होगा वहाँ का परिवेश? कंपनी के संगी-साथियों के साथ कैसे बीतेंगे दिन।....और कब गृहस्थ जीवन में होगा पदार्पण?' यही सवाल अंतस् में उठ रहे थे। सवाल उठते और जवाब भी स्वतः ही उभर आते। और तब... कोई सिहरन, चहक आनंद से देह को भरने लगती थी।

आज मिताली ने एमएनसी कंपनी में ज्वाइन कर लिया था। ऑफिस बहुत सुंदर था। उसे मिलाकर कुल सात लोग उस ऑफिस में काम करते थे। सभी उससे सीनियर थे। तीन लड़कियाँ और चार लड़के पहले से थे। मिताली और ललित ने एक साथ ज्वाइन किया, तो अब चार लड़कियाँ और पाँच लड़के, कुल नौ हो गए। ललित को मिताली ने देखा तो वह नजरों में बस गया। पहले से कार्यरत दो लड़कों और दो लड़कियों में बहुत अच्छी पटती थी। वे चारों दोपहर में एक साथ ही भोजन करते थे और अपने में ही मस्त रहते थे। मिताली, ललित और वैभव के बीच भी अच्छी कैमिस्ट्री जम गई थी। ये तीनों भी साथ-साथ ही भोजन करने लगे थे। दिन बीतने लगे, रातें चली जाती रही और मुलाकातें बढ़ती गई।

एक दिन, दूसरी उन दोनों लड़कियों ने अपने-अपने बॉयफ्रेंड से ब्याह रचा लिया। चारों बहुत खुश दिख रहे थे। ऑफिस में छोटी-सी एक पार्टी रखी गई और दिलफेंक हवाइयाँ भी चलीं। अगले दिन से सभी काम में व्यस्त हो गए। हर दिन उन्हें एक नया अनुभव देता रहा। दोनों लड़के और लड़कियाँ खुशहाल थे। पता चला कि शादी को लेकर एक लड़की का परिवार बहुत नाराज था। शादी में वह शामिल भी नहीं हुआ था। कारण यह कि दोनों की जातियाँ अलग-अलग थीं। लड़की ब्राह्मण थी और लड़का दलित परिवार से था।

पिता ने कहा- 'हमारी कोई बेटी नहीं। पैदा तो हुई थी पर जवानी की दहलीज पर पैर रखा ही था कि मौत हो गई।' लोगों ने कहा- 'ऐसा क्यों बोल रहे हो?' आहत पिता बोले- 'अनुभव है। विगत के झूठे इतिहास को सच मानकर जीने वाले, अपनी संस्कृति से मुँह मोड़ने वाले ये लोग, अब हमारे नहीं रहे। उनसे नाता जोड़ लेना सही नहीं है।'

कुछ दिन बीते। लड़की के व्रत रखने और पूजा-पाठ पर कलह शुरू होने लगी। जिरह होती रही और भीमराव अंबेडकर की महानता के बीच भगवान श्रीराम का चरित्र फीका पड़ने लगा। चेहरे पर से खुशी जाती रही। तनाव साफ-साफ दिखने लगा था।

फिर एक दिन, लड़की आई और कंपनी में अपना त्यागपत्र देकर चली गई। सुना यह था कि उसने दूसरे किसी शहर में किसी नई कंपनी में ज्वाइन कर लिया है। लड़का कुछ दिन मायूस रहा और फिर वह भी एक दिन जॉब छोड़कर चला गया। विवाह का पवित्र वह बंधन टूट चुका था। ललित ने अपने बैग से गुलाब का एक सुंदर फूल निकाला। घुटनों पर बैठकर वह उसे मिताली को देने लगा। मिताली ने पूछा--'यह क्या है?' उसने कहा--'तुम्हें देने का मन हुआ है।' मिताली ने उसे हाथों में पकड़ लिया। वह नहीं जानती थी कि फूल हाथ में पकड़ लेने से लड़कों की सोच बदलने लगती है। बगैर कुछ सोचे समझे उसने तो यूँ ही फूल को हाथों में थाम लिया था। नहीं मालूम था कि गुलाब हाथों में थाम लेना प्रीत की स्वीकारोक्ति है? ललित ने मिताली से कहा--'अच्छी फिल्म लगी है, देखने चलें?' मिताली ने मना कर दिया। उसे आश्चर्य हुआ और पूछने लगा--'क्यों नहीं जाना चाहती?' मिताली बोली--'जिसके साथ ब्याह होगा, उसी के संग फिल्म देखने जाऊँगी।' ललित बोला--'ब्याह मुझसे कर लो?' मिताली कहने लगी- 'घरवाले जहाँ चाहेंगे, वहीं शादी करूँगी। मुझे समाज में अपने पिता का सिर नीचा नहीं करना है।'

अगले कुछ रोज, ललित मिताली से दूर-दूर ही रहा। दोनों के बीच बातचीत भी कम होने लगी। दोपहर में भोजन तो तीनों साथ कर रहे थे लेकिन नाराजगी साफ दिख रही थी।

दूसरे युवक का नाम वैभव था। एक दिन दोपहर भोजन के समय वैभव मिताली से पूछने लगा--'तुम्हारे बीच नाराजगी दिखाई दे रही है।' ललित तो चुप रहा लेकिन मिताली बोली--'नहीं तो! हमारे बीच कोई नाराजगी नहीं।' ललित ने जल्दी से भोजन किया और उठकर चल दिया। वैभव की नजरें दोनों के चहरों को पढ़ रही थी।

उस दिन, भोजन का समय था। टिफिन खुले और तीनों खाने में लग गए। कोई खाना शेयर भी नहीं कर रहा था। कहीं भीतर में खटास थीं। सभी ने गहरी चुप्पी ओढ़ ली थी। वैभव ने मिताली और ललित को गौर से निहारा, फिर मिताली के चेहरे को पढ़ते हुए वह बोला--'मिताली, मैं नासमझ नहीं। तुम्हारे और ललित के बीच बहुत कम बातें हो रही हैं। नाराजगी साफ दिख रही है और यह नाराजगी नई नहीं है। दिनों-दिन बढ़ रही इस नाराजगी का हल निकाल लेना चाहिए। आपस की बात-चीत चलती रहे तो अच्छा लगेगा।' ललित से भी उसने पूछा--'ललित, बोलो तो किस बात पर नाराजगी है?' कुछ देर तो उसने कुछ कहा नहीं, फिर कई बार कुरेदने पर वह बताने लगा--'मैंने प्रीत का इजहार किया था, मिताली ने उसे एक्सेप्ट भी किया था लेकिन अब वह दूर जा रही है।'

'मैं कहाँ दूर जा रही हूँ।' मिताली बोली, 'तुम्हारी हर बात का तो खयाल रखती हूँ। उस रोज तुमने शादी की बात की थी, उस पर मेरा साफ निर्णय हैं--'मेरे पिता जिसके हाथ में भी मेरा हाथ देगें, वही मुझे स्वीकार होगा ! मैं स्वयं से कोई पहल नहीं करूँगी।'

थोड़ी देर चुप्पी रही। फिर वैभव बोला--'सही तो कहा मिताली ने, इसमें क्या गलत है? वह घर की मर्यादा से बाहर नहीं जाना चाहती। और यह तो अच्छी बात है। तुम्हें यह बुरा क्यों लग रहा है?' ललित कुछ नहीं बोला और टिफिन उठाकर चला गया।

मिताली आज बहुत खुश थी। सात-आठ दिन की छुट्टी के बाद वह ऑफिस लौटी थी। सभी से हैलो-हॉय के बाद उसने चमचम और मीठी रसमलाई सभी के लिए परोसी और उनकी टेबुल पर रखती चली गई।

वैभव ने पूछा--'किस खुशी में?' मिताली बोली--'पहले खा लीजिए, खुशी भी बतला ही दूँगी।' सभी ने परोसी गई मिठाइयाँ खा लेने के बाद उसे थैंक्यू कहा और मिठाई खिलाने का कारण जानना चाहा। मिताली बताने लगी--'छुट्टियाँ काटकर आई हूँ। इन छुट्टियों में घरवालों ने मेरा रिश्ता पक्का कर दिया है। अगले महीने मेरी शादी है।' ललित के चेहरे से रौनक गायब हो गई। वह उठा और चुप अपनी सीट पर जा बैठा। बाकी सभी मिताली को बधाई देने लगे। मिताली की धूमधाम से शादी हुई। ऑफिस से ललित को छोड़कर बाकी सभी शादी में शामिल हुए। ललित चुप-चुप और गमगीन रहने लगा। मिताली लंबी छुट्टी पर चली गई। ललित हर किसी से बहुत कम बातें करने लगा था।

ससुराल के नये घर में मिताली का खूब आदर सत्कार हुआ। रस्में पूरी हुई तो रात सुहानी का इंतजार होने लगा। दुलहन की पोशाक में सजी, सेज पर वह पति का इंतजार कर रही थी। रात बीती जा रही थी और पति जाने कहाँ गायब था?

आधी रात, ननद से मिताली को पता चला कि उसका पति तो अपने दोस्तों के साथ किसी हिल स्टेशन पर घूमने चला गया है।

वह अचम्भित रह गई। सोचने लगी--'यह कैसा पति है, जो सुहानी रात पत्नी को छोड़कर चला गया।' मन में अनेक शंकाएँ जागने लगीं और बुरे खयाल उसे घेरने लगे। शादी के बाद मिताली ससुराल से घर लौटकर आई। चेहरे पर कोई खुशी नहीं थी। माँ ने ससुराल के लोगों के स्वभाव को लेकर अनेक प्रश्न किए। वह कुछ नहीं बोली। पिता ने भी कुछ पूछना चाहा, उसने टाल दिया। माता-पिता परेशान होने लगे। बेटे के चेहरे की तरफ देखते और आहत होते। फिर एक दिन, मिताली ने पिता से कहा--'मैं अपनी जॉब पर जाना चाहती हूँ।' पिता बोले--'दामाद जी राजी होंगे क्या?' वह उठकर चली गई। पिता उसे देखते रह गए।

दिन बीते। एक रोज मिताली की माँ ने बेटी से कहा--'दामाद जी तुझे लिवाने आ रहे हैं। तुम्हारी सास का संदेशा भी आया है।' मिताली बोली--'उन्हें मना कर दो ! मैं कहीं जाने वाली नहीं। अगर जाउँगी तो अपनी जॉब पर !' माँ बोली--'सास का कहना है, हमें जॉब नहीं करानी।' मिताली ने कहा--'मुझे जॉब पर ही जाना है, ससुराल नहीं जाना।' और वह उठकर चली गई।

माता-पिता समझ नहीं पा रहे थे कि यह उसमें कैसा परिवर्तन है? उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था। पूछने की बहुत कोशिश हुई लेकिन मिताली ने जुबान नहीं खोली। सास को मिताली का निर्णय बताया गया, तब वहाँ से भी उसे लिवाने कोई नहीं आया।

मिताली ने पैकिंग की और जॉब पर जाने को तैयार हो गई। पिता बोले--'यह तुम्हारा गलत निर्णय है। ससुराल जाने में तुम्हें आपत्ति क्या हैं?' 'मैं वहाँ नहीं जाउँगी।' मिताली ने साफ-साफ कहा। 'कारण क्या है, कुछ तो कहो?' पिता जोर देकर पूछने लगे।

'उन्हीं से कारण भी पूछ लेना।' दृढ़ स्वर में मिताली ने पिता से कहा। पिता फिर भी कुछ नहीं समझ पाए और मिताली को जॉब पर चले जाने दिया।

दोपहर के खाने में वैभव ने स्वीट्स परोसी। ललित पूछने लगा--'किस खुशी में?' वैभव मुस्करा दिया और बोला--'मुझे पैप्सी में अच्छा ऑफर मिला है। यहाँ नोटिस देकर मैं वहाँ चला जाऊंगा।' सबको खुशी हुई। मिताली थोड़ा असहज हो गई। ललित पहले की तरह बातें करने लगा था, लेकिन मिताली सहज नहीं हो पा रही थी। अगले दिन, वैभव ने मिताली से पूछा--'जॉब पर रहते हुए ससुराल से आना-जाना कैसे रहेगा?' उसने जवाब नहीं दिया।

वैभव ने फिर उसे टोका--'हसबैंड क्या यहीं आकर रहेंगे?' उसने वैभव पर नजरें डाली और घूरते हुए पूछने लगी--'किसलिए?' कहने के ढंग से तीक्ष्ण तीर-सा चुभ गया। वैभव कुछ समझ न सका।

छुट्टी का दिन था। मिताली के पिता बेटी से मिलने ऑफिस आए। साथ में मिताली की माँ भी थी। कुछ देर बाद ललित और वैभव का भी वहाँ आना हुआ। चाय के लिए सभी साथ-साथ बैठे। परिचय के बाद शादी की बातों का दौर चला। फिर सिलसिले खुलने लगे। मिताली के ससुराल नहीं जाने पर जिक्र भी चला। वैभव कारण पूछने लगा। मिताली चुप रही।

माँ ने अपना पक्ष रखा। पिता समाज की दुहाई देते रहे। ललित भी जानना चाहता था कि वह ससुराल क्यों नहीं जाना चाहती। मिताली खीज उठी। देर तक चली जिरह में मिताली आक्षेप सुनती रही, चुप रही। लेकिन सभी तो कारण जानने को इच्छुक थे।

तब, मिताली द्रवित हो उठी। खीजकर बोली--'आप सभी जानना चाहते हैं कि मैं ससुराल क्यों नहीं जाना चाहती....तो सुनो, जिस लड़के से मेरी शादी हुई है, वह समलैंगिक है। मुझ में उसे इंट्रेस्ट नहीं है।' गहरा मौन पसर गया। वातावरण स्तब्ध था और मिताली की आँहें उसे तड़पा रही थीं।

---

कविता | अर्चना कोचर



## माफीनामा लिखते हस्ताक्षर

बच्चों की हर मनमानी पर, हमारे हस्ताक्षर चिपकने लग गए हैं  
उनकी हर गलती पर माफ़ीनामा, हम लिखने लग गए हैं।

क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात में  
हम अपनी उम्र से कुछ ज्यादा, बड़े दिखने लग गए हैं।

बहुत बड़े परिवार हुआ करते थे, हमारे बड़े-बुजुर्गों के  
जनसंख्या वृद्धि में हम, हमारे दो पर टिकने लग गए हैं।

खोखली नींवों को दस्तक देते, आधुनिकता के रंग में रंगें बच्चों को  
हमारे दो बच्चों वाले परिवार भी, अखरने लग गए हैं।

शादी की उम्र को उच्च महत्वाकांक्षाओं में खपाने वाले बच्चे  
सृष्टि सृजन में, एग फ्रीज करवाने लग गए हैं।

फल-फूल रहे हैं, विदेशी उड़ान के सपने  
लड़का-लड़की दोनों कमाने लग गए हैं।

वृद्धा आश्रम में भी, मां-बाप ने पलकों पर बैठाए हैं बच्चे  
बच्चों को नौकर-चाकर, अभिभावक लगने लग गए हैं।

शादी की पवित्रता के, वैचारिक मत-मनभेद में, अधेड़ उम्र के बच्चों को  
ब्याहने की बेबसी में, हम भी आंखें मूंदने लग गए हैं ।

लिव इन रिलेशनशिप की रीत-प्रीत में, बंध रहे हैं बच्चे  
हम भी बिन फेरे-हम तेरे वाले बंधन पर, आशीर्वाद बरसाने लग गए हैं ।

कान तरस जाते हैं, बच्चों की किलकारियां सुनने में  
घरों में भौं-भौं टामी, पलने लग गए हैं।

उम्र बीत रही है हमारी भी, बच्चों को सृष्टि सृजन समझने-समझाने में  
वो पुरातनपंथी का टैग, हम पर लगाने लग गए हैं।

मोह-ममता की विवशता में, उनकी हर मनमानी पे  
हम भी माफीनामा लिखे अपने हस्ताक्षर, चिपकाने लग गए हैं।

---

कविता | राकेश कुमार सपड़ा



## अपना सा लगता है

ये समुद्र जो लहरों की  
मौज पर अपनी मचलता है  
ये तन्हा है फिर भी  
जाने क्यों सबको  
अपना सा लगता है।

ये आसमान नीला  
प्रतिबिंब इसका  
इसमे झलकता है  
ये सूरज गर्मी से  
जिसकी जाने  
क्या क्या पिघलता है  
विचरता है दिन भर  
आराम इसको भी  
शाम ढलते इसकी  
ही आगोश में ही  
आ के मिलता है।

झाँके कोई इसमे  
गहरा कितना ही  
थाह इसका नहीं  
किसी को मिलता है  
ये चांद पूर्णिमा को  
इसी के जल को  
तरसता है।

बैठा हूँ किनारे पर इसके  
लहरें इसकी छू के  
लौट जाती हैं

काश रुक जाती तो  
पूछ लेता इनसे  
क्यों नहीं रुक के  
दो पल  
हाल सफर का सुनाती है ?

ये नाता लहरों का सागर से  
कितना गहरा होता है  
होता शुरू इसी से  
खत्म इसी में होता है।

---

**हास्य व्यंग्य, काव्य और लघु कथाओं से समाज को सकारात्मक संदेश दे रहे वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर शामलाल कौशल का कहना है कि साहित्य में आई गिरावट का कारण शॉर्टकट के रास्ते लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास है। लेखकों को भी बदलते सामाजिक परिवेश के अनुसार साहित्य संवर्धन करने की आवश्यकता है। तभी समाज और संस्कृति को जीवंत रखने की कल्पना की जा सकती है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

## सामाजिक विसंगतियों को दूर करने का माध्यम साहित्य: शामलाल कौशल

साहित्य जगत में समाज को नई दिशा देने के मकसद से ही लेखक साहित्य साधना करते आ रहे हैं। मूर्धन्य विद्वानों ने साहित्य को समाज का दर्पण माना है। इसलिए लेखक और साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं में सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर साहित्य साधना करके समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता के प्रति सकारात्मक संदेश देते आ रहे हैं। हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन में जुटे शिक्षाविद् एवं लेखक शामलाल कौशल भी आलेख, काव्य, हास्य व्यंग्य और लघु कथाओं जैसी विधाओं से अपने रचना संसार को बढ़ाकर साहित्य और समाज को एक-दूसरे के पूरक होने की सार्थकता को सिद्ध करने में जुटे हैं। हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. शामलाल कौशल ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर कई ऐसे पहलुओं को उजागर किया, जिसमें आजकल सामाजिक विसंगतियों के कारण दूर होती सभ्यता, संस्कृति, नैतिकता और बड़ों के प्रति आदर जैसी परंपराओं को जीवंत करने में साहित्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का माध्यम है। हरियाणा में रोहतक के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. शामलाल कौशल का जन्म 9 दिसंबर 1943 को पाकिस्तान के डेरा ग़ाज़ी खान में एक साधारण परिवार में तोताराम तथा यशोदा बाई के घर में हुआ था। जब वह बहुत छोटे थे तो भारत पाक विभाजन के समय रेलगाड़ी की छत पर सवारी करके हिंदुस्तान के पंजाब मे संगरूर शहर में उतरे। भारत आने के बाद प्रारंभिक दिन बहुत कठिन और संघर्ष के बीच बीते। इसी बीच साल 1953 में पिता के निधन के कारण पढ़ाई करना मुश्किल था, लेकिन फिर भी उन्होंने किसी तरह संगरूर के राज हाई स्कूल से मैट्रिक पास की। गवर्नमेंट रणबीर कॉलेज से बीए पास किया, जहां उन्हें अर्थशास्त्र पढ़ाने वाले शिक्षक तथा समाजसेवी प्रोफेसर मुंशी राम वर्मा ने उनके लिए एक अभिभावक की भूमिका निभाई और हरसंभव सहायता की। बाद में उन्होंने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से एमए (अर्थशास्त्र) उत्तीर्ण की। 1966 में हरियाणा के गोहाना में हरियाणा वार हीरोज मेमोरियल कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के तौर पर उनकी नौकरी लगी। 1981 में यही कॉलेज सरकारी बन गया और यहां करीब 36 साल अध्यापन करने के बाद 2001 में वह सेवानिवृत्ति हुए। बकौल शामलाल कौशल, हमारे परिवार में किसी की भी साहित्य में रुचि नहीं रही है। परिवार में शायद वह अकेले सदस्य थे, जिन्हें बचपन से ही अखबार पढ़ने की रुचि रही है। अपने कॉलेज की पत्रिका में भी उनके लेख भी नियमित तौर पर लेख प्रकाशित होते रहते थे। प्रो. शामलाल ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने लेखन कार्य शुरू किया, जिसके लिए उन्हें डॉ. श्याम सखा, डॉ. मधुकांत जैसे कई ऐसे मूर्धन्य विद्वान और साहित्यकारों की प्रेरणा और मार्गदर्शन में कई विधाओं में अपने रचना संसार को लगातार दिशा दी। इसमें उन्होंने सबसे पहले एक हास्य व्यंग्य लिखा, जिसके बाद लघु कथाएं लिखनी शुरू की। खास बात ये भी है कि सेवानिवृत्ति के बाद साहित्य लेखन से ही उनका समय बहुत आसानी से गुजर रहा है और वरिष्ठ साहित्यकारों से मुलाकात और कार्यक्रमों में हिस्सेदारी से उनके ज्ञान में वृद्धि तथा सम्मान मिल रहा है। वे कहते हैं कि साहित्य समाज का दर्पण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज भी साहित्य को प्रभावित करता है। लेकिन आज के समय में अच्छे साहित्य का अभाव इसलिए पनपा है क्योंकि हमारा समाज भी आजकल सभ्यता, संस्कृति, नैतिकता और बड़ों के प्रति आदर व ईमानदारी से दूर होता जा रहा है। हालांकि जिन्हें साहित्य का जुनून है वह अभी साहित्य साधना में जुटे हैं, लेकिन भौतिकतावाद के इस युग में साहित्य के प्रति पाठकों की रुचि पहले के मुकाबले में बहुत कम हो रही है। युवा पीढ़ी में साहित्य के प्रति रूझान न होने का कारण वह अपने करियर को लेकर इंटरनेट का ज्यादा सहारा ले रहे हैं। समाज के ताने बाने को संस्कृति के अनुरुप संजोने के लिए युवा पीढ़ी को साहित्य के लिए प्रेरित करने की बहुत जरूरत है। इसके लिए शिक्षण संस्थानों में साहित्य से संबंधित सामग्री पाठ्यक्रमों में शामिल करके शिक्षक साहित्य की विभिन्न विधाओं के बारे में छात्रों को संस्कारी बना सकते है।

### प्रकाशित पुस्तकें

प्रो. शामलाल कौशल की प्रकाशित 15 पुस्तकों में लेख संग्रह-जीना एक कला है तथा खुश कैसे रहें, काव्य संग्रह-यही तो जिंदगी है, हास्य व्यंग्य संग्रह-यह दुनिया पागलखाना, कुंवारों का संडे बाजार व आज्ञाकारी पति होने के फायदे, लघुकथा संग्रह-अगर मां होती, हास्य व्यंग्य-ऐ बेशर्मी? तेरी सदा ही जय हो, लघु कविता संग्रह- जिनकी नहीं होती मां, अभी तो मैं जवान हूं और मेरे हीरो मेरे मां बाप, कहानी संग्रह-पिंजरे के पंछी सुर्खियों में हैं। वहीं लेख संग्रह- तनाव ही तनाव भी उनकी कृतियों में शामिल है।



शामलाल कौशल

### पुरस्कार व सम्मान

प्रो. शामलाल कौशल को साहित्य साधना के लिए अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। हरियाणा साहित्य अकादमी ने उन्हें हास्य व्यंग्य संग्रह 'आज्ञाकारी पति होने के फायदे' के लिए सर्वश्रेष्ठ कृति सम्मान से अलंकृत किया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री 'साहित्य रत्न' पुरस्कार, निर्मला स्मृति आजीवन हिंदी साहित्य साधना सम्मान के अलावा कई राज्यों की साहित्यिक संस्थाओं द्वारा अनेक बार सम्मान देकर पुरस्कृत किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : प्रो. शामलाल कौशल  
**जन्मतिथि** : 9 दिसंबर 1943  
**जन्म स्थान** : डेरा ग़ाज़ी खान (पाकिस्तान)  
**शिक्षा** : एमए (अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी,राजनीति शास्त्र)  
**संप्रति** : लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, गोहाना।

---

## जानकारी से परिपूर्ण है एलआईसी ऑफ इंडिया इन ग्लोबल एज






**पुस्तक** : एलआईसी ऑफ इंडिया इन ग्लोबल एज  
**लेखक** : डॉ. अमरेन्द्र नारायण 'अमर'  
**मूल्य** : 300 रुपये (पेपरबैक)  
**प्रकाशक** : एकेडमिक एक्सीलेंस, नई दिल्ली

पुस्तक समीक्षा | प्रो. एच.के. सिंह

पुस्तक एलआईसी ऑफ इंडिया इन ग्लोबल एज यानि भूमंडलीय युग में भारतीय जीवन बीमा निगम भारतीय जीवन बीमा के स्वरूप का भीतरी एवं बाह्य अध्ययन प्रस्तुत करता है और भारतीय परिप्रेक्ष्य में इसके उद्देश्यों को भी। पिछले कुछ वर्षों में भारत में बीमा के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ी है। चाहे जीवन बीमा हो या साधारण बीमा, व्यक्ति को आर्थिक एवं मानसिक सुरक्षा प्रदान करता है। देश में बीमा के बारे में जानकारी देने वाले पुस्तक काफी कम हैं। डॉ. अमरेन्द्र नारायण 'अमर' द्वारा लिखित यह पुस्तक बीमा के विषय में उल्लेखनीय जानकारी के साथ -साथ उसकी विपणन रणनीति, विभाजन, लक्ष्यीकरण और स्थिति निर्धारण प्रस्तुत करती है एवं संबंधित नियमों आदि के बारे में सूचनाएं देकर पुस्तक को आम जनता के लिए उपयोगी बनाती है। यह पुस्तक अपनी गुणवत्ता और सरलता से बीमा के विषय में उल्लेखनीय जानकारी के कारण विपणन व्यूहरचना और विद्वतापूर्ण वाद-विवाद के अन्दर स्वयं को आधारित करता ही है, साथ ही अपनी दूरदृष्टि से यह पुस्तक भूमंडलीय परिवर्तन के समय विपणन के विभिन्न प्रकारों और भारतीय जीवन बीमा के व्यूहरचनात्मक विपणन पर भी विद्वतापूर्ण चर्चा करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम के परिचालन प्रदर्शन के साथ-साथ संघटनात्मक संरचना और विपणन नीतियों, योजनाओं और रणनीतियों को बहुत अच्छे तरीके से बताता है। सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इस किताब की यह है कि एक ही जगह कोई शोधार्थी या व्यक्ति भारतीय जीवन बीमा निगम के स्वरूप एवं प्रकार को तो जान ही सकता है तथा उसकी कार्यप्रणाली ओर उसकी व्यूह योजनाओं को समझने के लिए विपणन को विभिन्न व्यूहयोजनाओं एवं उसके सिद्धान्तों के भी दिग्दर्शन कर सकता है। बीमा, खोज तथा शिक्षा के क्षेत्र में यह लेखक का सराहनीय कार्य और लेखक इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। यह बीमा क्षेत्र की बेहतरीन पुस्तकों में से एक है। जो व्यक्ति बीमा सलाहकार के रूप में अपना करियर चुन रहा है, वह बीमा उद्योग में अच्छा भविष्य बना सकता है। यह पुस्तक छात्रों, शोधकर्ताओं और कंपनियों के लिए एक मूल्यवान परिसंपत्ति और मार्गदर्शिका है

## खबर संक्षेप

### कच्ची गलियों का निर्माण शुरू होने से मिली राहत

**गन्नौर।** शहर की बसंत विहार एक्सटेंशन में गलियों के निर्माण का कार्य शुरू होने से लोगों ने राहत मिली है। कालोनी में 1 करोड 49 लाख 65 हजार की लागत से कच्ची गलियों का निर्माण नपा द्वारा करवाया जा रहा है। कालोनी अनियमित होने की वजह से पिछले 10 वर्षों से गलियों का निर्माण नहीं हो पा रहा था। पिछले साल कालोनी नियमित हुई। जिसके बाद अब नगरपालिका द्वारा यहां कच्ची गलियों के साथ नालियों का निर्माण करवाना शुरू कर दिया है।

### बरोदा में भट्ठा मजदूरों को वितरित किए वस्त्र

**गोहाना।** बरोदा गांव स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों और उनके बच्चों में वस्त्र वितरित किए गए। वस्त्र वितरण कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के खंड कथूरा में एटीएम (सहायक तकनीकी प्रबंधक) कृष्ण खासा की पत्नी शीला द्वारा किया गया। एटीएम कृष्ण खासा द्वारा वर्ष 2024 में सर्दी का मौसम शुरू होने के बाद भी भट्ठा मजदूरों में गर्म वस्त्र वितरित किए गए थे। फरवरी के महीने में गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है।

### कार्निवाल और बाल उत्सव का आयोजन

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में वसंतोत्सव कार्निवाल तथा बाल-उत्सव 'तारे जमीं पर' का आयोजन किया गया। वसंत ऋतु के आगमन पर बालकों के लिए विद्यालय की तरफ से 'वसंतोत्सव' कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, खाने-पीने की स्टॉल तथा 'एडवेंचर कैंप' लगाया गया। इसके अतिरिक्त 'फन-फिएस्टा' में बहुत से मजेदार खेलों में बच्चों ने इनाम भी जीते। बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी इस कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया।

### समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया

**सोनीपत।** प्रजापत धर्मशाला सारंग रोड़ सोनीपत में बैकवर्ड समाज जिला सोनीपत की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन गंगाराम पांचाल ने की। अनिल ठाकुर ने बताया कि यह बैठक समाज को नई दिशा देने के लिए व समाज को सामाजिक व राजनीतिक तौर पर मजबूत करने के लिए की । बैठक बैकवर्ड समाज को मजबूत करने के लिए भविष्य में होने वाले चुनाव के लिए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में दो दिवसीय किशोरावस्था शिक्षा विषय पर हुई कार्यशाला रविवार को सम्पन्न हो गई। मुख्य वक्ता के तौर पर प्राचार्या डॉ. किरण दलाल, आरके श्रीवास्तव ने अपने अहम भूमिका निभाते सभी शिक्षकों को किशोरावस्था शिक्षा विषय पर बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी। दूसरे दिन साथियों का दबाव और उनसे सही तरीके से सुलझने व व्यवहार के तरीके, किसी भी तरह की धमकी, किशोरावस्था में क्या हो सकता है, ड्रग एब्यूज, ड्रग डिपेंडेंस, मादक द्रव्यों का सेवन, बुरी आदतों को पहचानना आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

### देश में बढ़ रही पूंजीवादी साम्राज्यवादी लूट: कपूर

**सोनीपत।** गोहाना रोड स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में राजनीतिक बंदियों की रिहाई में आवामी एकता मंच की ओर से रविवार को सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता मनीष आजाद और आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर, अमिता शीरीन पहुंचे। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने कहा कि देश में पूंजीवादी साम्राज्यवादी लूट बढ़ती जा रही है।

### गलियों के निर्माण की मांग उठाई

**सोनीपत।** मयूर विहार में चार गलियों का निर्माण न किए जाने के विरोध में रविवार को लोगों ने जिला पार्षद के नेतृत्व में अनोखा विरोध किया। उन्होंने गली के बीच में चूल्हे पर रोटियां बनाकर नगर निगम के खिलाफ विरोध किया। साथ ही चेतावनी दी कि आचार संहिता हटने के बाद गलियों का निर्माण शुरू नहीं कराया तो दिसंबर या उसके बाद होने वाले निकाय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

---

## हवन में आहुति देकर समारोह का शुभारंभ किया

# श्रीकृष्ण वासुदेव गोशाला का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

## 3 महिलाओं समेत 395 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा


हरिभूमि न्यूज . गोहाना

मुंडलाना गांव स्थित श्रीकृष्ण वासुदेव गोशाला का रविवार को 17वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। समारोह में रक्तदान शिविर और भंडारा लगाया गया। शिविर में 3 महिलाओं समेत 395 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा।

शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सेतिया थे। संयोजन गोशाला के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र लठवाल का रहा। शिविर में पीजीआई रोहतक से डॉ. काजल की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने पूरा समय अपनी सेवाएं देकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में गोहाना से सुरेंद्र लठवाल और नवीन कुंडू जबकि नियमित रक्तदाताओं में बलराज पन्नू, कर्मवीर लठवाल, संदीप पूनिया, तकदीर लठवाल, रविंद्र सिंह, उधम सिंह, अमन चहल, अशोक लठवाल, महिलाओं में प्रीति लठवाल, पिंकी जागलान और पूजा लठवाल ने रक्तदान का पुण्य कमाया। पारीवारिक रक्तदाताओं में पिता-पुत्र दिलाबाग सिंह और सुमित, दंपत्ति अमित लठवाल और सुषमा लठवाल, मां-बेटे सुदेश लठवाल और राहुल लठवाल ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में आयोजन समिति में बिजेंद्र कुंडू, सूबेदार जसवंत, वेदपाल मान, मास्टर पृथ्वी सिंह, सूबेदार आजाद, जगदीश लठवाल, जिले सिंह नंबरदार, सत्यवान कुंडू, सुरेंद्र लठवाल गोहाना और रामकुमार पूनिया का विशेष योगदान रहा।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि और आयोजक।



सांसद दीपेन्द्र हुड्डा व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान करते आयोजक।

### गोवंश के लिए नाम मात्र का अनुदान दे रही सरकार

**गोहाना।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि गोवंश की जो दुर्गति भाजपा सरकार के दौरान हुई है इससे पहले कभी नहीं हुई। प्रदेश सरकार गोवंश के लिए नाम मात्र का अनुदान देती है जो प्रति गोवंश के हिसाब से ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। वे रविवार को गांव मुंडलाना स्थित श्रीकृष्ण वासुदेव गोशाला के वार्षिकोत्सव को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पर्याप्त अनुदान न मिलने से गोवंश का पेट नहीं भरा जा सकता। आसमान छूती महंगाई को ध्यान में रखकर सरकार को गोशालाओं में प्रति गाय के हिसाब से प्रतिदिन के आधार पर अनुदान बढाकर देना चाहिए। बताया कि हरियाणा से लगते पड़ोसी राज्यों राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें गोवंश के लिए गोशालाओं को प्रतिदिन प्रति गाय के हिसाब से अनुदान राशि देती है। उसी आधार पर हरियाणा सरकार भी प्रति गोवंश के हिसाब से अनुदान दे। वे बोले कि प्रदेश की जनता ने पूरे प्रदेश में कांग्रेस को भाजपा के बराबर मत प्रतिशत देकर मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।


---

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

- स्वामी दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रोहतक मार्ग स्थित स्वामी दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिसाना वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने मनोहारी संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के बेटे अंशुल बड़ौली ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगी युग में प्रत्येक बच्चे को ईमानदारी व मेहनत करने की जरूरत है, ताकि सफलता मिल सके। विभिन्न परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले छात्रों में अंजू, एकाशी, खुशी, निशा ,तनीषा ,दीपक व मोहित को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विधायक पवन खरखौदा के पिता आजाद भौरिया, बार एसोसिएशन के प्रधान कमल शर्मा, मंजीत रोहट, आशुतोष सरोहा, भूप सिंह, कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव नीरज दहिया, स्कूल संचालक संदीप दहिया एडवोकेट, प्राचार्या पिंकी, आशुतोष सरोहा, सुधीर गुलिया, भरत शर्मा, आनंद प्रधान आदि मौजूद रहे।



खरखौदा। बच्चों को पुरस्कृत करते एडवोकेट संदीप व अन्य। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते प्रदीप सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### विकास के लिए पैसे की कमी नहीं रहने दूंगा : प्रदीप

**गोहाना।** रविवार को भाजपा बरोदा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप सांगवान ने शहर में जींद मार्ग मोड स्थित अपने कार्यालय में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। सांगवान ने संबंधित अधिकारियों के पास फोन करके समस्याओं का समाधान करवाया। प्रदीप सांगवान ने कहा कि बरोदा विधानसभा के हर गांव में विकासकार्यों के लिए ग्रांट की कमी नहीं रहने दूंगा। क्षेत्र के हर गांव में हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास व बेरोजगार युवाओं के लिए नई परियोजनाएं लागू करवाने का प्रयास किया जाएगा। वे बोले कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकासकारी नीतियों से समाज का हर वर्ग खुश है। प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति तक सरकार की लाभकारी नीतियों का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर उनके साथ अजीत सांगवान, डॉ. राममेहर राठी, सुरेन्द्र नंबरदार, जितेन्द्र शर्मा, रामबीर पूनिया, मास्टर मुकेश कुमार, अनिल सांगवान, सरपंच सत्यवान, रीनू मलिक, सोनू मलिक व पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### काउंसलिंग सेशन में छात्रों को किया प्रेरित



**सोनीपत।** सोनीपत की दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति सेक्टर 14 स्थित अग्रसेन भवन में रविवार को करियर काउंसलर डॉ. मोहित बंसल व सेवानिवृत्त अधिकारी सुभाष चंद्र गर्ग द्वारा छात्रों की काउंसलिंग की गई। हर रविवार को आयोजित होने वाले इस काउंसलिंग सैशन में विद्यार्थियों को मुफ्त में सलाह दी जाती है। समिति के उपप्रधान व मिडिया सलाहकार संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किये जाते हैं उसी के तहत पिछले कई वर्ष से यह फ्री कैरियर कॉउंसलिंग कार्यक्रम किया जा रहा हैं। जिसमें अब सैकड़ों छात्रों व अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर फायदा उठाया है।

---



महोत्सव में राजयोगिनी गीता दीदी विधायक देवेन्द्र का सम्मान करते हुए।

### मानवता के उत्थान का दिया आध्यात्मिक संदेश

**गन्नौर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा रविवार को अनाज मंडी में शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन कीर्तन भक्ति से ओतप्रोत गीतों द्वारा किया गया। समारोह में भीनमाल, राजस्थान से आईं मुख्य वक्ता राजयोगिनी गीता दीदी ने शिव बाबा के अवतरण और उनके दिव्य कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि परमात्मा का अवतरण पाप के नाश के लिए होता है। उन्होंने आध्यात्मिक शांति, प्रेम और मानवता के उत्थान का संदेश दिया। समारोह में विधायक गन्नौर देवेंद्र कादियान ने मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान पूरे विश्व में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। यह बहुत अच्छा कार्य है। शहर में ऐसे कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। इसमें शामिल होकर आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी रामदेवी ने संस्थान के सेवा कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि यह संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है।

### कन्या पूजन के साथ वार्षिकोत्सव का समापन

**सोनीपत।** श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ में चल रहे 22वें वार्षिक महोत्सव का रविवार को समापन कर दिया गया। श्रीमद् भागवत सपताह ज्ञान महायज्ञ के तहत रविवार को हवन का आयोजन किया गया। इसके उपरांत महामायी की आरती करते कन्या पूजन किया गया। दोपहर बाद विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं इस दौरान सुबह 9 बजे से ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जोकि दोपहर तक चलता रहा। रोटरी क्लब के सहयोग से आयोजित किए गए रक्तदान शिविर के साथ हैल्थ चैकअप कैंप भी आयोजित किया गया। जिसमें उजाला सिग्नेस जेके हिंदू अस्पताल के चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। कार्यक्रम में प्रधान प्रमोद गुप्ता, महासचिव सुनील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कुच्छल, देवेंद्र कुच्छल, पवन जिंदल, अमित कुच्छल, विनोद गुप्ता, राकेश गर्ग, नरेंद्र सिंह राठौर, प्रवीण कुच्छल, सुजेश कुच्छल, कमलकांत कौशिक, मेहताब सिंह खत्री, विनोद कौशिक, प्रमोद गोयल, जवाहर बतरा आदि मौजूद रहे।





रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

सोनीपत। ओमैक्स सिटी स्थित वंडर मेरिटोरियस स्कूल ऑफ इंटेलिजेंस, सोनीपत में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कविता जैन और भाजपा नेता राजीव जैन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनिल ठक्कर ने शिरकत की। समारोह की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। विद्यालय की निदेशक नीलम कटारिया, पूर्व एकेडमिक हेड हिमांशी, सहायक निदेशक डॉ. मोनिका मलिक, प्रधानाचार्य श्वेता शर्मा और विद्यालय के प्रबंध निदेशक हर्ष कटारिया भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर हिमांशी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मार्केट न्यूज

### अब कैंसर के इलाज के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं, सोनीपत में खुला उन्नत एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल

**सोनीपत।** हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल ने कुंडली, सोनीपत में अपनी अत्याधुनिक सुविधा की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गहलावत (विधायक, राई, सोनीपत) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, प्रो. जी. के. राठ (पूर्व अध्यक्ष, एनसीआई, झज्जर एवं डीआर. बी.आर.ए. आईआरसीएच, एम्स), वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञों, चिकित्सा पेशेवरों और सामुदायिक नेताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटने, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद सम्मानित अतिथियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और सेवाओं से सुसज्जित है, जो संपूर्ण और अत्याधुनिक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस अस्पताल की सबसे प्रमुख विशेषताओं में वेरियन ट्रूबीन लीनियर एक्सेलेरेटर शामिल है, जो रेडियोथेरेपी के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करता है। यह तकनीक न्यूनतम साइड इफेक्ट्स और उच्च उपचार दरों को सुनिश्चित करती है। मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गहलावत ने इस अवसर पर कहा, श्एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल का शुभारंभ हरियाणा के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब हमारे क्षेत्र के कैंसर रोगियों को उन्नत उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

---

# योजनाओं के प्रति किया जागरूक

- बीएसटी कॉलोनी में मंजू पहल आगनवाड़ी वर्कर्स के नेतृत्व में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बीएसटी कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में लीगल एडवाइजर मंजू मलिक ने कानूनी सहायता के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। जिसमें सीडीपीओ निर्मल ने सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी देते बताया कि गरीब परिवार की महिला प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ लें सकते हैं। आपकी बेटी हमारी बेटी योजना बेटियों को लाभ प्रदान करती है। विभाग द्वारा गन्नौर के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मंजू मलिक ने कहा कि कानूनी जागरूकता शिविरों का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। यह तभी संभव है जब लोगों को अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी होगी। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) विशेष शिविरों का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व समाज सेविका व आंगनवाड़ी वर्कर मंजू पहल ने सीडीपीओ व मंजू मलिक का स्वागत किया। सर्कल सुपरवाइजर वीना ने भी जागरूक किय। इस मौके पर महिला रेशमा, शर्मिला, सुमन,सरिता,शकुन्तला,रीना,सुदेश , मीना, भतेरी, कमलेश, नीता, गीता, सविता आदि मौजूद थी।





गन्नौर। आंगनवाड़ी केन्द्र में जागरूकता शिविर के दौरान केन्द्र में आई महिलाएं।

### नशे को समाप्त कर सभ्य समाज का निर्माण करना होगा

**खरखौदा।** गुरुकुल बरोणा द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गांव बरोणा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत हवन यज्ञ द्वारा की गई। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हवन व कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम का प्रयोजन समाज में बढ़ता नशा जो हमारे समाज के भविष्य को अंधकार में लेकर जा रहा है। लोगों को उसके प्रति जागरूक करके समाज के अंदर इसको समाप्त करना था। हवन के उपरांत आचार्य प्रदीप ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा परिवार व समाज के पतन का कारण बनता है। शराब के कारण घरेलू झगड़े बढ़ते जा रहे हैं। युवा सबसे अधिक इससे प्रभावित होकर अपने जीवन को अंधकार में ले जा रहे हैं। हम सभी को मिलकर समाज में बढ़ते नशे को समाप्त करके एक सभ्य समाज का निर्माण करना होगा।

# शिविर में 185 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

ठाकुर जी की रसोई खरखौदा द्वारा नीरज गुप्ता और बिजेंद्र जांगड़ा के पुत्र आदि जांगडा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जापान से आए डॉ योशिको ईशहीको मियाता दंपति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रक्तदान शिविर में आशीर्वाद ब्लड बैंक की टीम ने कुल 185 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर गरीब कल्याण संस्था की ओर से देवेंद्र सिंह, एडवोकेट गजे सिंह,अश्विनी कौशिक, शक्ति ठेकेदार तथा एक लक्ष्य केवल सेवा से धम्मल फौजी की टीम भी मौजूद रही। शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। आयोजकों का कहना है कि यह शिविर जरूरतमंद मरीजों की सेवा में एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा।



खरखौदा। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो :हरिभूमि

---

## सूरजकुण्ड मेला: पर्यटन मंत्री के निमंत्रण पर मेले में पहुंचे लोग

# देशी-विदेशी कला से रूबरू हुए गोहानावासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की अगुवाई कर रहे प्रदेश के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने जनप्रतिनिधि के नाते गोहाना विधानसभा से आए सैंकडों लोगों की मेजबानी की। कैबिनेट मंत्री के निमंत्रण पर गोहाना से बड़ी संख्या में पहुंचे महिला, पुरुषों और बच्चों ने सूरजकुंड मेले में न केवल विभिन्न राज्यों की पारंपरिक विरासत, संस्कृति, कला का आनंद लिया अपितु मेले के भागीदार बिम्सटेक देशों की शिल्पकला, हथकरघा और कलाकारों की प्रस्तुतियों का लुत्फ भी उठाया। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निमंत्रण पर 10 बसों में सवार होकर गोहानावासी मेले में फरीदाबाद पहुंचे। उनका कैबिनेट मंत्री के निजी सचिव सुनील लाकड़ा व मेला प्राधिकरण प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद सैंकडों की संख्या में आए महिला-पुरूषों ने अलग-अलग टोलियों के माध्यम से मेला मैदान में थीम स्टेट उड़ीसा व मध्य प्रदेश के पैवेलियन पहुंचकर संस्कृति, सभ्यता व कला के बारे में रोचक जानकारी हासिल की। लोगों ने बिम्सटेक भागीदार देशों नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड के स्टॉलों पर जाकर उनके शिल्पियों द्वारा बनाए गए उत्पाद, कलाकृतियों का अवलोकन किया व दी जा रही प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया।





गोहाना। मेले का लुत्फ उठाते गोहानावासी। फोटो : हरिभूमि

### पर्यटन मंत्री का जताया आभार

गोहानावासी वेलकम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष केसी शर्मा, मंजीत भारद्वाज, रीना शर्मा, अनिल शर्मा, शीला लाकड़ा, रामभज सैनी, सोनिया सैन, प्रेमलता, कौशल्या, आशा शर्मा, सुनीता, सुरेन्द्र, अंकिता, स्वास्तिका आदि ने पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का आभार जताया। लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में दुनिया के सबसे बड़े मेले का शानदार आयोजन कर रहा है और इस बार इसमें पर्यटकों के साथ-साथ यहां आए कलाकारों, बुनकरों व शिल्पकारों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।



खरखौदा। सूरजकुंड मेले में भ्रमण करने पहुंची छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मेले का भ्रमण कर पाया प्रदेश की लोक संस्कृति का परिचय

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में महिला प्रकोष्ठ की तरफ से छात्राओं के लिए एकदिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया। एक दिवसीय भ्रमण के लिए छात्राओं को सूरजकुंड क्राफ्ट मेले का भ्रमण कराया गया। जिसके माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों की संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन आदि से परिचित होने का अवसर मिला। इस भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में किया गया। महिला प्रकोष्ठ के इस भ्रमण कार्यक्रम की प्रभारी डॉ रजनीश कुमारी तथा सह प्रभारी डॉ कीर्ति खत्री रही। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक मेले में विभिन्न देशों तथा राज्यों द्वारा संचालित स्टालों पर जाकर वहां के उत्पादों, संस्कृति आदि का परिचय व ज्ञान प्राप्त किया। छात्राओं ने भ्रमण के माध्यम से ज्ञानवर्धक जानकारी हासिल की।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 39 लोगों ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** रविवार को गांव थाना खुर्द स्थित स्टैनफोर्ड स्कूल में जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति एवं मामन सिंह नंबरदार एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा पुलवामा के शहीदों की स्मृति में 15 वां रक्तदान शिविर लगाया गया। समिति अध्यक्ष सितेंद्र दहिया ने बताया कि सामान्य अस्पताल सोनीपत के चिकित्सकों की टीम ने शिविर में रक्त एकत्रित करने का कार्य किया है। शिविर में 39 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सुनील, प्रवेश, सुमित, नीरज, महेश, जितेंद्र ,सौरभ, मुकुल द्वारा सहयोग किया गया।

### साप्ताहिक अभियान में 21 पौधे रोपित किए



**गोहाना।** पौधारोपण करते हुए संगठन के सदस्य व साथ हैं पुलिस अधिकारी।

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने रविवार को अपने साप्ताहिक अभियान में विभिन्न किस्मों के 21 पौधे रोपे। पौधारोपण सोनीपत मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह और न्यायालय परिसर में किया गया। संगठन के सदस्यों ने नए पौधे रोपने के साथ इस अभियान के तहत पहले से रोपित पुराने पौधों की देखभाल भी की गई। पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई के साथ सिंचाई भी की गई। संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा, सदस्य मनोज, रणबीर, राजबीर सिंह, मुकेश कुमार, एसपीओ मनोज, जयदीप, सुनील, हरीश, बलजीत जांगड़ा, प्रवीन व सेवानिवृत्त वन दरोगा सुभाष ने दुकानदारों से अपील की कि पौधों के पास गड्ढों में कूड़ा एकत्रित न करें।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए रोज करें योग : विकास



**गोहाना।** बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में रविवार को योगा एवं इसके लाभ विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किया गया। संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल का रहा। आयुष हैल्थ एंड वेलनेस केंद्र, बरोदा से योग शिक्षक विकास रोहिल्ला ने योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया और फायदे बताए।

## अब तक हो चुकी है 16 लाख 30 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई

# मिल प्रबंधन ने किसानों को दिया 20 तक का समय, पर्ची करवानी होंगी जमा

■ सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** चीनी मिल के कांटे पर ट्राली से गन्ना उतारते हुए क्रेन। फोटो : हरिभूमि

दी सहकारिता चीनी मिल के पेराई सत्र को प्रबंधन की तरफ से सुचारू रूप से चलाने को प्रयास किया जा रहा है। पेराई सत्र के दौरान हर रोज क्षमता के हिसाब से गन्ने की पेराई हो रही है। वहीं प्रबंधन की तरफ से किसानों को जल्द से जल्द पुरानी पर्चियां जमा करवाने के निर्देश दिए गए है। गन्ना उत्पादक 20 फरवरी तक अपनी पर्ची जमा करवा सकते है। प्रबंधन की तरफ से चीनी मिल के एप के जरिए किसानों को जानकारी दी गई है।

बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल की तरफ से नवंबर 2024 में पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया था। उसके बाद से गन्ने की पेराई तेजी से की जा रही है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक मौजूदा पेराई सत्र में 16 लाख 30 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे में सोनीपत चीनी मिल में करीब 19 हजार 900 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। रविवार सुबह 11 बजे के रिकार्ड अनुसार लगभग 28 हजार 800 क्विंटल गन्ने की टोकन बुकिंग किसानों द्वारा की गई है। वहीं चीनी मिल ने करीब 3 लाख क्विंटल गन्ना आहुलाना चीनी मिल में ट्रांसफर किया है। आहुलाना चीनी मिल की तरफ से भी गन्ना उत्पादकों को पर्चियां जारी की जा रही है। गन्ना उत्पादकों को अगर चीनी मिल में गन्ना डालकर आना है या नही आना है, यह किसान पर निर्भर है। ऐसे में अगर कोई किसान आहुलाना मिल में पर्ची डालने नही जाता है तो ऐसी स्थिति में किसान को जल्द से जल्द अपनी पर्ची जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। मिल प्रशासन ने 20 फरवरी के बाद पुरानी पर्ची न लेने का फैसला किया है, ताकि गन्ने की वास्तविक उपलब्धता का पता लगाया जा सके।

### सुरक्षित तरीके से चलाने के प्रयास

पेराई सत्र को समय अनुसार सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए प्रयासरत है। अब तक कारखाने में करीब साढ़े सोलह लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। किसानों को प्रबंधन की तरफ से 20 फरवरी तक पुरानी पर्ची जमा करवाने के निर्देश दिए गए है। ताकि समय पर गन्ने की पेराई के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

-**अमित कुमार**, महाप्रबंधक चीनी मिल सोनीपत



**गन्नौर।** विधायक कादियान व क्लब प्रधान अंकित मल्होत्रा रक्तदान करते हुए।

# विधायक देवेन्द्र कादियान ने किया 30वीं बार रक्तदान

■ रक्तदान करने वाले दूसरे को जिन्दगी देने जैसा पुण्य कर्म करते है : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लायंस क्लब गन्नौर गौरव तथा निजी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर किया। लायंस क्लब गन्नौर गौरव के प्रधान अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा, मुख्य परियोजना अध्यक्ष शालू वाधवा, सचिव मीनू हांडा, डिम्पी मल्होत्रा ने बुके देकर स्वागत किया। शिविर में सेहत टीम ने करीब 112 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। विधायक कादियान ने भी 30 वीं बार रक्तदान किया और कहा कि हम सभी को जीवन मे रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले दूसरे को जिन्दगी देने जैसा पुण्य करते है। कहा कि हर व्यक्ति को एक-दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। शिविर में रक्तदाताओं को विधायक के हाथों प्रशस्ति पत्र दिए गए और आयोजकों ने विधायक कादियान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा, शालू वाधवा, डिम्पी मल्होत्रा, भावना जाग्या, प्रवीन कामरा, तरुण चुघ, गीता चुघ, शालू राय, संजीव राय, शिल्पा राय, सुभाष रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक में हिस्सा लेते हुए ग्रामीण सफाई कर्मी।

### राजेश रसोई बने प्रधान राजेश टोकी सचिव

**सोनीपत।** खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय राई में रविवार को ग्रामीण सफाई कर्मियों की बैठक हुई। जिसमें कमेटी का गठन किया गया। राजेश रसोई को कमेटी का प्रधान, राजेश टोकी को सचिव, जसमेर को कोषाध्यक्ष, राजेश सफियाबाद को उपप्रधान, प्रवीन को सह सचिव नियुक्त किया।

वहीं बबली, बाला व जितेंद्र को कार्याकारिणी सदस्य नियुक्त किया। इस दौरान एक मार्च को सेक्टर-15 में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। यह बैठक सीआईटीय के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें प्रधान राजेश रसोई ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री ने ग्रामीण सफाई कर्मियों को 26 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन सरकार तुरंत प्रभाव से घोषणा को लागू नहीं करना चाहती।

इससे पहले 7326 कर्मचारियों की भर्ती, सेवानिवृत्ति के मौके पर दो लाख रुपये की सहायता राशि, पक्के रोजगार की नई पॉलिसी बनाने जैसे किए गए वादे अभी अधूरे हैं। राज्य कमेटी के आह्वान पर विधानसभा बजट सत्र से पहले मांगों को लागू करवाने बारे सभी जिलों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

# प्रयास स्कूल में वार्षिक समारोह, छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

■ छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ कार्यक्रम में सेल्फ-डिपेंडेंट महिलाओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर




गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान वार्षिक समारोह में सेल्फ-डिपेंडेंट महिलाओं को सम्मानित करते ।

प्रयास जूनियर विंग किशनपुरा में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रुचिका बत्रा ने मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान व विशिष्ट अतिथि योगेश कौशिक, रमेश बत्रा, रविंद्र सरदाना, हरियाणा युनाइटेड स्कूल एसोसिएशन के ब्लाक प्रधान सुशील त्यागी, अंकित मल्हौत्रा का स्वागत किया। छात्रों ने बालीवुड थीम, देशभक्ति नृत्य, योग, तायक्वोंडो, शास्त्रीय नृत्य, भांगड़ा और गंगा महिमा पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सेल्फ-डिपेंडेंट महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा अभिभावकों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ। विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन सुरेश बत्रा व प्रबंधक अमित बत्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेंद्र जग्या, दिनेश अदलखा, ज्योति कामरा, प्रवीन कामरा आदि मौजूद रहे।

# प्रारंभिक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार के लिए मिला वीमेंस प्रेस्टीज अवॉर्ड

■ भारत, वियतनाम, रूस और अमेरिका की 109 प्रेरणादायक महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सूरीनाम और कोमोरोस के राजदूतों तथा लेसोथो, श्रीलंका, मोरक्को, घाना, क्रोएशिया, वियतनाम और गिनी आदि 12 देशों के राजनयिकों की गरिमामय उपस्थिति में शिवा शिक्षा सदन की फाउंडेशनल स्टेज हेड एवं डिप्टी प्राइमरी इंचार्ज अर्चना कामरा को प्रारंभिक शिक्षा में नवाचार, प्रभावी शिक्षण पद्धतियों और समग्र विकास आधारित पाठ्यक्रम निर्माण में उनके असाधारण योगदान के लिए नेशनल स्तरीय वीमेंस प्रेस्टीज अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह लायंस क्लब दिल्ली वेज और 'नारी शक्ति - एक नई पहल फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी 2025 को एक्जीक्यूटिव क्लब रिसॉर्ट, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। भारत, वियतनाम, रूस और अमेरिका की 109 प्रेरणादायक महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके अपेक्षाकृत योगदान, नेतृत्व और समाज पर सकारात्मक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्कूली प्रारंभिक शिक्षा में परिवर्तनकारी दृष्टि, बच्चों की सीखने की शैली के अनुरूप विकसित पाठ्यक्रम, और वैश्विक शैक्षणिक मानकों के भारतीय संदर्भ में सफल समावेशन के लिए प्रदान किया गया। अर्चना कामरा का मानना है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित न रहकर जीवन को गढ़ने की प्रक्रिया होनी चाहिए।

# छात्रों ने दिखाई प्रतिभा अभिभावकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर




**गन्नौर।** मुख्यातिथि रौनक स्कूल प्रधानाचार्या रजनी शर्मा, समाजसेवी संदीप ढाका, आशु त्यागी पुरस्कार देते हुए।

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी का वार्षिक खेल समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि सनपेड़ा गांव के समाज सेवी संदीप ढाका व धतुरी गांव के सरपंच आशु त्यागी, अनिल त्यागी ने शिरकत। प्रधानाचार्या अनीता यादव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच संचालन छात्रा शादीका, यशस्वी, जीया, लक्षिता ने किया। प्रशासनिक अधिकारी राजीव मिश्रा ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के छात्रों द्वारा खेलों की शुरूआत से पूर्व योगा, ताईक्वाडों व आगे के घेरे से जम्प लगाने आदि प्रदर्शन किए, जिनकी अभिभावकों ने सराहना की। बैलेंस रेस में प्रथम कुश, द्वितीय अरनव, तृतीय अंश, गेंद एकत्रित रेस में दक्ष ने प्रथम, अंकित ने द्वितीय, हिमान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में हंस ने प्रथम, द्वितीय समर, तृतीय वैभव ने प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में हितेष ने प्रथम, यश ने द्वितीय, समर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# तीन गुणा तेजी से होगा विकास : गहलावत

■ विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान मनौली पहुंचकर जताया लोगों का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**सोनीपत।** गांव मनौली पहुंचकर विधायक कृष्णा गहलावत लोगों का आभार व्यक्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राई से विंधायक बनने पर विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान गांव मनौली पहुंचकर लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राई हलके के लोगों ने उनको विधायक बनाकर उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

इस हल्का के लोगों की एक-एक समस्या का समाधान करेंगे और आमजन से सुझाव लेने के बाद हल्के का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर नागरिकों ने एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी और दायित्व सौंपा है। इस दायित्व को बड़ी शिद्दत के साथ पूरा करने का काम करेंगे। विधायक ने कहा कि हलके के लोगों ने उन्हें विधायक बनाकर जो विश्वास और जिम्मेवारी सौंपी है, उस विश्वास को बरकरार रखा जाएगा और डबल इंजन की सरकार के सहयोग से हलके में तीन गुणा ताकत से विकास करवाया जाएगा। गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को विकसित बनाने का काम किया जाएगा और प्रदेश में सभी परियोजनाओं को नॉन स्टॉप की नीति अपनाकर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर जसपाल खेवड़ा, सतनारायण आंतिल, जेपी रेवली, दिनेश चौहान, कुलदीप नांगल, श्री भगवान जोगी, जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, नाहरी मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, मुरथल मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक, कुंडली मंडल अध्यक्ष इंद्र चौहान, नंद किशोर चौहान, धर्मवीर सरपंच आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005


मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## जिला बार एसो. के चुनाव को लेकर दिए निर्देश

# चेंबर्स में होर्डिंग्स व बैनर लगाने पर रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारियों ने बार परिसर व चेंबर्स में किसी भी प्रत्याशी के होर्डिंग व बैनर लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 28 फरवरी को होने हैं। इसे लेकर उम्मीदवार होर्डिंग, बैनर और पोस्टर नहीं लगा सकेंगे। इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एसो. के चुनाव अधिकारी पवन दहिया जारी पत्र में लिखा है कि जिला बार एसोसिएशन की ओर से प्रत्याशियों को कहा गया कि वह अपने चुनाव प्रचार में अनावश्यक रूप से होर्डिंग, बैनर और पोस्टर आदि नहीं लगाएंगे। किसी ने लगाए हैं तो उन्हें बैनर, पोस्टर, होर्डिंग और पंफलेट को हटाने को कहा गया है। ऐसा न करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ता अधिनियम और बार काउंसिल की तरफ से बनाए गए चुनाव नियम की पालना नहीं करने पर उम्मीदवारों के नामांकन को रद्द भी किया जा सकता है।

### सभी कर रहे हैं सहयोग

नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सोमवार को छंटनी व नामांकन वापसी का दिन है। चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से करवाई जा रही है। सभी सदस्य सहयोग कर रहे है। परिसर में होर्डिंग, बैनर लगाने पर पाबंदी लगाई गई है। नियमों की अवहेलना करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

-पवन दहिया, चुनाव अधिकारी, बार एसोसिएशन सोनीपत

### किस पद के लिए किसने किया नामांकन

- ▶▶ प्रधान पद के लिए : अनिल दुल, अजय दहिया व कमल हुड्डा
- ▶▶ उप प्रधान पद के लिए : अमित कुमार मलिक, सोनू भारद्वाज व कुलदीप दहिया
- ▶▶ सचिव पद के लिए : संदीप खर्ब, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा व अंकित त्यागी
- ▶▶ सह सचिव पद के लिए : कीर्तिका व स्वाति वशिष्ठ
- ▶▶ खजांची पद के लिए : प्रदीप व प्रवीन कुमार ढिल्लो

### जारी किया चुनावी शेड्यूल

नामांकन वापसी : 17 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक
छटनी : 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक
मतदान : 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
मतगणना : 28 फरवरी को शाम 4 बजे के बाद



### जेएलएन विद्यालय के वार्षिकोत्सवः कैबिनेट मंत्री ने 1208 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**गोहाना।** जेएलएन वमावि के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी पत्नी रीटा शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के डिप्टी सेक्रेटरी सतीश कुमार सैनी पहुंचे। अतिथियों ने समारोह में 1208 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। समारोह में सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में कक्षा 12वीं के 112 और दसवीं के 77 मेरिट प्राप्त छात्र छात्राएं, सरकारी नौकरी पर लगे विद्यार्थी, खेल प्रतियोगी, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं शामिल थीं। समारोह में विद्यार्थियों नें योगा, शिव स्तुति, भागवत गीता, किड्स नृत्य, हरियाणवी लोक नृत्य, पंजाबी गिद्धा, मल्हारी, नशा मुक्ति और देशभक्ति पर सांकृतिक कार्यक्रमों की धमाकेदार प्रस्तुति से खूब समां बांधते हुए तालियां बटोरी। समारोह में समाजसेवी श्यामलाल आढ़ती, रमेश सैनी, तकदीर नरवाल, सुनील वत्स, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, जस्सी खुराना, सूरत शर्मा, जगबीर जैन, रामू वाल्मीकि, धूला राम, पार्षद बबली देवी, मदन अत्री व बलराम कौशिक मौजूद रहे।